## संक्षिप्त

### दिव्यांग सहायता शिविर संपन्न

डूंगरपुर, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल का इस माह का दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर आज संस्था के रोग निदान केंद्र पर संपन्न हुआ। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर में उदयपुर के भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के तकनीकी विशेषज्ञ दुर्गालाल एवं सीताराम द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। इस शिविर में नौ दिव्यांगो को सेवाएं प्रदान की गई। एक दिव्यांग को घुटनों के ऊपर का कृत्रिम पैर बनाकर दिया गया जबकि दो दिव्यांग को बिलोंनी जयपुर फुट प्रदान किया जबकि तीन दिव्यांग को कैलीपर, तीन दिव्यांग को बैसाखी एवं एक बैसाखी की मरम्मत कर प्रदान की गई।

### क्विज में 38 बच्चो ने भाग लिया

उदयपुर, (कासं)। अंजुमन तालीमुल इस्लाम उदयपुर के तत्वावधान में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर इतवार को क्विज कंपटीशन आयोजित किया गया। इस इम्तिहान में प्यारे आका की सीरत.ए.तैय्यबा और मुल्क-विदेश के साइंसदानों पर ऑब्जेक्टिव सवालात पूछे गए, जिनके जवाब तलबा ने तहरीरी अंदाज में दिए। इस मौके पर कुल 38 तलबा ने शिरकत की। इनमें से पहले तीन पोजीशन हासिल करने वाले तलबा को ईद मिलादुन्नबी के मुख्य जलसे के दिन इनाम से नवाजा जाएगा। साथ ही मुख्य जलसे में मदरसों व स्कूलों के उन असातिजा व तलबा को भी ऐवॉर्ड से सरफराज किया जाएगा जिनकी हाजरी और इम्तिहानी नतीजे पिछले तीन सालों में सबसे उम्दा रहे हैं। यह प्रोग्राम प्रिंसिपल शगुफ्ता खान,नाहिद,साजिदा,आरिफ, और अनीस की रहनुमाई में बेहतरीन अंदाज से मुकम्मल हुआ।इस मौके पर सेक्रेटरी मुस्तफा शेख, जॉइंट सेक्रेटरी इजहार हुसैन, नायब सदर फारुख कुरैशी,सिराज खान और जनरल हाउस मेम्बर उमर फारुख भी मौजूद रहे।

### शिविर में 78 यूनिट रक्तदान

उदयपुर, (कासं)। रंजना भटनागर की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान करते हुए 78 यूनिट रक्त का संचय किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव सुराना, आरएसएसएमएमएल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ केबी बडोलिया उपस्थित रहे। अध्यक्षता भटनागर महासभा उदयपुर के अध्यक्ष भानु भटनागर ने की संचालन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने किया। आयोजक राजेंद्र भटनागर ने बताया कि इससे पूर्व चार शिविरों में 380 यूनिट रक्त का संचय किया गया।

### विकास कार्यों का लिया जायजा

जयपुर/उदयपुर। युवा मामले एवं खेल मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को उदयपुर स्थित महाराणा प्रताप खेलगांव स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि कलेक्टर, उदयपुर विकास प्राधिकरण और खेल विभाग आपसी समन्वय से शीघ्र ही विकास कार्यों हेतु प्रस्ताव भेजेंगे, जिससे यहां के विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य खिलाड़ियों को आधुनिक और विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है ताकि राजस्थान के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप खेलगांव का विकास संपूर्ण प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

### एजुकेट गर्ल्स बनी 2025 रेमन मैग्सेसे

उदयपुर, (कासं)। भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं। एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है।यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं और युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया।

# पांच दिवसीय गणेश महोत्सव प्रतिमा विसर्जन के साथ सम्पन्न

■ शोभायात्रा में झूमे युवा, चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही मुस्तेद

राजसमन्द, (निसं)। नगर परिषद सहित राजनगर क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक संगठनों, दल व समूह की ओर से आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन रविवार को गणपति प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ। अपरान्ह सवा दो बजे तक स्टेडियम में चहुंओर वाहनों में प्रतिमाएं एवं श्रद्धालुओं का खासा जमावडा लगा रहा। इसके बाद महोत्सव स्थल पर विराजित गणपति का पूजन व महाआरती शुरु हुई। ये प्रतिमाएं ऑटो रिक्शा, ट्रेक्टर ट्रॉली, जीप आदि खुले वाहनों में लाई गई थी।

इधर, स्टेडियम में महोत्सव के तहत स्थापित प्रतिमा के विसर्जन की तैयारियां की जा रही थी। यहां बैण्ड व डीजे पर बजते मीठे गीत-संगीत एवं गगनभेदी जैकारों के बीच गणपति बप्पा की विशेष पूजा-अर्चना हुई एवं फिर आरती की गई। जिला कलेक्टर अरूण कुमार हसीजा, एसपी ममता गुप्ता, सभापति अशोक टांक, पूर्व पालिकाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने गजानन महाराज की पूजा-अर्चना की और आरती उतारी और क्षेत्र में समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना की। इसके बाद जैकारों के साथ प्रतिमा को सजे-धजे वाहन में विराजित किया तथा फिर राजनगर क्षेत्र की सभी गणपति प्रतिमाओं की सामूहिक शोभायात्रा रवाना हुई। इसमें दर्जनों खुले वाहनों में प्रतिमाएं सुशोभित थी एवं भक्त सेवा करते चल रहे थे।



राजसमंद में शौभायात्रा के दौरान गणेश प्रतिमा को रस्सी के सहारे खींचकर चलते श्रद्धालु।

शोभायात्रा में कई बैण्डबाजे, ढोल और डीजे शामिल थे जिन पर भक्ति संगीत की स्वर लहरियां बिखर रही थी विभिन्न स्थानों से आए प्रसिद्ध ढोल वादक दलों के कलाकार अनूठी शैली में ढोल वादन कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर रहे थे।

भक्ति गीतों पर बच्चे और बडे सभी नाच रहे थे। इसके साथ ही भूतों की शिव बारात की प्रस्तुतियां लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। महाआरती करने के पश्चात प्रतिमाओं की सामूहिक शोभायात्रा स्टेडियम से रवाना हुई। शोभायात्रा हुसैनी चौक, दाणी चबूतरा होते हुए राजनगर स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सर्कल, नेशनल हाईवे पर पहुंची। यहां से पुनः दाणी चबूतरा, मालीवाडा, रेगर मोहल्ला, कलालवाटी होते हुए पुरानी कलेक्ट्री दयालशाह किला रोड से मुडकर फिर कलालवाटी होते हुए नौचौकी की तरफ रवाना हुई। शोभायात्रा में प्रतिमाओं से सजे वाहनों का लम्बा काफिला शामिल था जिससे शोभायात्रा करीब दो किलोमीटर लम्बी बन गई थी। बैंडबाजों पर भक्ति गीतों की स्वर लहरियां बिखर रही थी तो डीजे पर भक्ति-संगीत एवं धुनें परिवेश को धर्ममय बना रही थी। ऊंट गाडियों तथा खुले वाहनों में अयोध्या के प्रभु राम, खाटुश्याम, शिव परिवार, बालकृष्ण, और वीर हनुमानजी सहित देशप्रेमी सहित कई देवी-देवताओं तथा महापुरुषों की मनमोहक झांकिया भी सजी हुई शामिल थी।

वहीं, बैण्ड और ऊंट-घोडे तथा कच्छी घोडी नृत्य कलाकार व धाकाधिक धमाका व अखाडा के कलाकर लोगों का मनोरंजन करते हुए चल रहे थे।

शोभायात्रा में कई बेण्ड दल भी साथ थे जो लगातार भक्ति संगीत की स्वर लहरियां बिखेरते चल रहे थे। वहीं एक खुली ट्रक में भजन गायक कलाकार प्रेमशंकर जाट लाईव भजनों की प्रस्तुतियां कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र रहा। उनके साथ में बडी तादाद में श्रद्धालु आनंदित होकर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। युवा और बच्चें गगनभेदी जयकारे लगा रहे थे। जिससे समुचा शहर जयकारों से गुंज ऊठा। इन सबके चलते सम्पूर्ण परिवेश भक्ति भाव से सराबोर होता रहा।

साथ में चल रहे दो अखाडों के कलाकारों ने जगह-जगह विविध प्रकार के हैरतअंगेज प्रदर्शन कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। इस दौरान चहुंओर खूब फूलों की पत्तियां उडती रही जिससे भक्तजन सराबोर होते रहे। कई घंटों के सफर के बाद शोभायात्रा का पहला छोर रात्रि साढे नो बजे बाद नौचौकी पाल पहुंचा। यहां विधिपूर्वक गणपति पूजन हुआ तथा श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जैकारों के साथ कुण्ड में प्रतिमा का विसर्जन किया।

## सार-समाचार

### पुण्यतिथि फल व भोजन वितरण किया

उदयपुर, (कासं)। पालन पोषण प्राणी सेवा संस्थान की संस्थापिका, अधिवक्ता एवं समाजसेवी स्वर्गीय प्रियंका पाल सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर शुक्रवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर फल बिस्किट वितरण का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रकाश चंद्र मेनारिया ने बताया कि विगत 29 अगस्त 2024 को प्रियंका पाल सिंह का आकस्मिक निधन हो गया था। प्रियंका पाल समाजसेवी के रूप में हमेशा दीन दुखियों की मदद करती थी। प्रियंका ने कई जरूरतमंदों को राशन, भोजन, कपडे, मेडिकल सुविधा, रक्त मुहैया करवाया। कोरोना काल मे संस्था के बैनर तले जरूरतमंदों को भोजन, दवाइयां उपलब्ध करवाई। ऐसे में अब उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर राजकीय महिला परिषद स्कूल चेतक की बालिकाओं को केले, एप्पल और बिस्कुट का वितरण किया। यहां बालिकाओं ने प्रियंका पाल की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। इसके साथ ही टाइगर हिल के पीछे स्थित मनोहरपुरा कच्ची बस्ती, कैलाश कॉलोनी, चित्रकूट नगर स्थित कच्ची बस्ती, थियोसोफिकल सोसायटी शिक्षा भवन चौराहा और एमबी अस्पताल परिसर में जनाना वार्ड, बाल चिकित्सालय, इमरजेंसी के बाहर समेत अंदर वार्डों में भर्ती परिजनों को फल बिस्किटवितरण किये जिससे करीब 1500 से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए।

### स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने छीनी चेन

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के सरोदा थाना क्षेत्र के पाडवा गांव में चेन स्नेचरों ने एक बुजुर्ग महिला के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। वहीं पीछा करने पर आरोपी स्कूटी छोडक़र फरार हो गए। पाडवा गांव के मुख्य बस स्टैंड पर धुली देवी (65) वॉक कर रही थी। इस दौरान स्कूटी सवार 3 बदमाश आए और तीनों ने बुजुर्ग महिला के पास वाहन को रोककर गले में पहनी डेढ़ तोला सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। अचानक चेन स्नेचिंग होने से घबराहट से महिला नीचे बैठ गई। ग्रामीणों ने दौडक़र स्कूटी सवार युवकों को पकडऩे की कोशिश की, लेकिन बदमाश कुछ दूर स्कूटी को छोडक़र भाग गए। सरोदा पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। गांव के सीसीटीवी खंगालने की कोशिश की, लेकिन सभी बंद थे। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बंद सीसीटीवी को शुरू कराने की मांग की। वहीं पुलिस की गश्त पर सवाल उठाए। इससे पूर्व डूंगरपुर शहर में नगर कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीलाल जैन के मकान में चोरी हुई थी। वहीं एसपी के मकान के पास केबिन में दो बार चोरी हो चुकी है। इसके अलावा सदर थाना क्षेत्र के खेडा कच्छवासा गांव में व्यापारी के घर से लाखों के गहने और नगदी चोर अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर हैं। वहीं सागवाड़ा के पुनवार्स कॉलोनी में घर से लाखों की चोरी का अभी तक पुलिस कुछ कार्रवाई नहीं कर पाई है।

### बारिश को लेकर किया यज्ञ-हवन

कपासन, (निसं)। अपर्याप्त बारिश को लेकर स्थानीय लोगों ने विशेष धार्मिक आयोजन किया। राजेश्वर सरोवर की पाल पर स्थित जाखड़ माता चामुंडा माता मंदिर में सामूहिक यज्ञ-हवन और पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कपासन सहित आसपास के 12 गांव खेड़ा के पुजारी और प्रतिनिधि शामिल हुए। 12 बजे तक बाजार बंद रखे।क्षेत्र में इस मौसम अब तक मात्र 574 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि औसत वर्षा 760 मिलीमीटर होनी चाहिए। अपर्याप्त वर्षा के कारण राजेश्वर सरोवर तालाब खाली पड़ा है। यह तालाब पिछले पांच वर्षों से सूखा है, जो कस्बे की पेयजल आपूर्ति का प्रमुख स्त्रोत है। सुबह भूपाल खेड़ा से पुजारियों को जुलूस के रूप में मंदिर लाया गया। पंडित राजू व्यास के नेतृत्व में विशेष पूजा-अर्चना और यज्ञ-हवन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में व्यापार संगठनों के सदस्य और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। व्यापारियों ने इस अवसर पर सहयोग करते हुए दोपहर तक सभी दुकानें, सब्जी मंडी और फल व्यवसाय बंद रखे। मौसम की स्थिति यह है कि बादल छाते हैं, कुछ देर तेज बौछारें पड़ती हैं, फिर हल्की बूंदाबांदी के बाद वर्षा रुक जाती है। इस कारण तालाबों में पर्याप्त जल संग्रहण नहीं हो पा रहा है।बनास की फीडर से भी पानी नहीं आया। कपासन भूपालसागर ओर धमाना के तालाबों को भरने राजसमंद जिले से बनास नदी से फीडर छह दशक पहले बनाई गई थी। जिसमें पहले पानी की आवक होती थी। लेकिन पिछले कुछ सालों से इसमें पानी की आवक भी नहीं हो पा रही हैं। इस फीडर की मरम्मत के लिए सरकार 24 करोड़ की स्वीकृति हुई थी। जिसके टेंडर जारी कर कार्य शुरू कर दिया गया हैं। क्षेत्रवासी मातृकुंडिया बांध से कपासन में पानी लाने की मांग भी कई सालों से करते आ रहे हैं।

### अमन सुकून की मांगी दुआ

कपासन, (निसं)। सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रिटायर्ड जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरूण कुमार पारिक ने अपने साथियों के साथ चादर व फूल पेश कर मुल्क में अमनो सुकून की दुआ की। दरगाह वक्फ कमेटी के सेक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी के अनुसार रिटायर्ड जिला एवं सत्र न्यायाधी अरूण कुमार पारिक के साथ जयपुर के भा.ज.पा. नेता एवं एडवोकेट सरदार इन्द्र मोहन, दीपक सिंह, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड के भानेज प्रवीण धनखड के साथ भा.ज.पा. अल्पसंख्यक के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट सैयद अशफाक अली व हाजी सैयद अशरफ अली ने चादर व फूल पेश कर मुल्क मे अमनों सुकून की दुआ की। वक्फ कमेटी सदस्य एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष सैयद ऐजाज अली,हाजी शराफत भाटी, हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी ने सभी की दस्तारबंदी कर श्रीफल भेंट किया।

## खेल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



पेसिफिक में खेल दिवस पर कार्यक्रम हुए।

उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक में खेल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद जी की तस्वीर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर बीपी शर्मा सर,प्रोफेसर हेमंत कोठारी प्रोफेसर अशोक शाह द्वारा माल्यार्पण,पुष्पांजलि अर्पित कर सभी को फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शपथ ग्रहण करवाई गई।


साथ ही फिटनेस व्याख्यान माला का भी आयोजन में प्रोफेसर सी पी सिंह भाटी द्वारा खेल और फिटनेस पर बारीकी से बताया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन रस्सा-कशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे महिला टिम में विजेता टिम पेसिफिक शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय और उपविजेता टिम पेसिफिक शिक्षा महाविद्यालय की रही। पुरुष टिम में विजेता टिम पेसिफिक विधि महाविद्यालय और उपविजेता टिम पेसिफिक शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय की रही। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

तीसरे और अंतिम दिन राज्य सरकार द्वारा आयोजित साइक्लोथॉन और मैराथन का आयोजन उदयपुर की प्रसिद्ध झील फतेहसागर पर किया। जिसको हरी झंडी राज्य खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने दी ।और आपने स्वयं पूरे जोश के साथ साइक्लोथॉन में भाग लिया। पेसिफिक विवि के खिलाडियों के साथ वार्तालाप किया।

## दिव्यांग सामूहिक विवाह में 51 जोड़े बंधन में बंधे

उदयपुर, (कासं)। नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ, लियों का गुडा में रविवार को 44 वें दो दिवसीय दिव्यांग एवं निर्धन नि शुल्क सामूहिक विवाह के दूसरे और अंतिम दिन 51 जोडों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पवित्र अग्नि की साक्षी में एक-दूसरे का हाथ थाम कर उस सुहाने सफर पर कदम बढाए जिसके सपने वे वर्षों से देख रहे थे।

विवाह में ऐसे जोडे भी सम्मिलित थे जिनमें वधू अथवा वर पैरों से दिव्यांग, कोई एक पैर से तो साथी हाथ से, एक दिव्यांग तो दूसरा दृष्टिबाधित, ऐसे भी जोडे थे जो घुटनों के बल या घिसटकर चलते हैं, लेकिन अब ये सभी एक-दूसरे की ताकत और दृष्टि बनकर खुशनुमा गृहस्थी के सपनों को साकार करेंगे। इन जोडों में से अधिकतर की दिव्यांगता सुधारात्मक निशुल्क सर्जरी संस्थान में ही हुई यहीं इन्होंने आत्मनिर्भरता के लिए निशुल्क सिलाई, मोबाइल सुधार और कंप्यूटर के कोर्स किए और जीवनसाथी की तलाश भी यहीं पूरी हुई। सभी 51 जोडों की प्रातः 10 बजे धूमधाम से निकली बिंदोली के साथ विवाह समारोह की शुरुआत हुई। विवाह की पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे दूल्हा-दुल्हन की बिंदोली में सबसे आगे बैंड दस्ता था मध्य में ढोल की थाप पर झूमते बाराती - घराती और बडी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों से आए अतिथि थे। उसके बाद भगवान श्रीनाथजी एवं अयोध्यापति रामलला की छवि के सानिध्य में दूल्हों ने क्रमवार तोरण रस्म का निर्वाह कर विवाह पांडाल में प्रवेश किया। वरमाला तोरण रस्म की अदायगी के पश्चात 12.15 बजे रंग -बिरंगी पुष्प लडियो से सज्जित मंच पर दूल्हा- दुल्हनों ने संस्थान संस्थापक पद्मश्री अलंकृत कैलाश मानव व कमला देवी से आशीर्वाद लिया। इसके बाद संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, निदेशक वंदना अग्रवाल व पलक अग्रवाल की सहायता से दूल्हा- दुल्हन ने एक-दूसरे के गले में वरमाला डालकर हमसफर बनने की मौन स्वीकृति दी। नव युगल का पाणिग्रहण संस्कार पवित्र अग्निकुंड के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सात फेरों के साथ संपन्न हुआ। प्रत्येक जोडे की वेदी पर एक आचार्य मौजूद थे। इस प्रकार 51 आचार्य ने एक मुख्य आचार्य के मार्गदर्शन में सामूहिक विवाह संपन्न करवाया। देश-विदेश से आए संस्थान के सहयोगी, दानदाता, दूल्हा-दुल्हन के परिजन, संस्थान की भारत भर में फैली शाखाओं के प्रभारी, संयोजक व प्रेरक कन्यादानी इस महाकुम्भ के साक्षी बने।



विवाह की पारंपरिक वेशभूषा में सजी दुल्हनें।

## हमला करने का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राणघातक हमला कर युवक को घायल करने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडिता रेखा पत्नी शांतिलाल कीर निवासी पानी की टंकीके पास स्वराजनगर सूरजपोल ने विजय व उसके भाई के अलावा चार पांच साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।। जिसमें उसने बताया कि मेरा पुत्र 28 अगस्त शाम स्वराजनगर से घर आ रहा था। बीच रास्ते में आरोपी ने पुत्र को रोक उस पर प्राणघातक हमला कर फरार हो गए। चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंच कर घायल पुत्र को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया।

## 'निराश्रित बाल गृह की स्थापना पहली प्राथमिकता'

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान चाइल्ड एडवाइजरी ग्रुप (सी- केग) के नव मनोनीत अध्यक्ष डॉ चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता उदयपुर में निराश्रित बाल गृह की पुनः स्थापना करना होगी।

शहर में विभिन्न स्थानों पर भिक्षावृत्ति करने वाले बालकों सहित अन्य निराश्रित बालकों को रखा जा सके। बैठक में सदस्यों ने इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी कि तीन वर्ष पूर्व तक उदयपुर में करीब बीस एनजीओ की ओर से बाल निराश्रित गृह संचालित किए जा रहे थे, जिनमें करीब आठ सौ अधिक बालकों को रखे जाने की सुविधा थी, लेकिन वर्तमान में अभी एक भी नहीं।इससे पूर्व शनिवार को सी केग की बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष शिक्षाविद शरद पुरोहित के प्रस्ताव पर डॉ चंद्रगुप्त सिंह चौहान को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया। सभी सदस्यों से विचार विमर्श के बाद अध्यक्ष चौहान ने अपनी प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी घोषित कर दी। राजस्थान बाल सलाहकार समूह की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी में शरद चंद्र पुरोहित व राजकुमारी भार्गव को संरक्षक, डॉ चन्द्रगुप्त सिंह चौहान अध्यक्ष, डॉ शैलेंद्र पंड्या महासचिव, ध्रुव कुमार कविया (अलवर), डॉ राजश्री गांधी, शिव जी गोड आदि मौजूद रहे।

## डॉ बामनिया सीएमएचओ उदयपुर के पद पर बने रहेंगे

■ हाई कोर्ट के डिविजनल बेंच में अवमानना रिट

उदयपुर, (कासं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकरलाल बामनिया को हाई कोर्ट के डीबी रिट अवमानना सं. 657/2०25 में पारित आदेश 4.8.2025 तथा डीबी स्पेशल अपील रिट सं. 175/2०25 में पारित आदेश 9.4.2025 की पालना के लिए निदेशक (जन स्वास्थ्य) ने कोर्ट में अवमानना याचिका की सुनवाई 1 सितंबर 2025 से पहले ही डॉ बामनिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उदयपुर के आहरण एवं वितरण अधिकारी की शक्तियां सामान्य वित्त एवं लेखा नियम 3 क के अन्तर्गत जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट के डिवीजनल बैंच के निर्णय की अनुपालना में डॉ शंकर एच बामनिया ने 11 अप्रैल 2025 को उदयपुर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की कमान पुनःसंभाल थी एहाईकोर्ट खंड पीठ जोधपुर ने डॉ बामनिया की अपील को स्वीकार करते हुए पूर्ववत उदयपुर सीएमएचओ के रूप में कार्य करने के दिए आदेश दिए थे। प्रकरणानुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनवरी में किए गए ट्रांसफर आदेशों में उदयपुर सीएमएचओ डॉ. शंकर एच. बामनिया का झूठी शिकायतो पर ट्रांसफर जिला अस्पताल प्रतापगढ में उप नियंत्रक पर कर डिमोशन किया गया था, विभाग के इस आदेश के विरुद्ध डॉ बमानिया ने हाई कोर्ट जोधपुर के एकल पीठ रिट दायर की थी। एकल पीठ ने एएजी के 2008 के पुराने अमेंडमेंट रूल के एफिडेविट के आधार पर अपील खारिज कर दी जबकि डॉ बामनिया ने अपने अधिवक्ता के जरिए दलील दी थी कि 2008 के रूल का 2012 में अमेंडमेंट हो गया जिन्हें एकल पीठ ने खंड पीठ में चैलेंज करने का साथ अपील खारिज कर दी थी। एकल पीठ के निर्णय के विरुद्ध डॉ बामनिया ने अपने तत्कालीन अधिवक्ता बी एस संधु जरिये विशेष अपील याचिका मुख्य न्यायाधीश के खंड पीठ जोधपुर में दायर की। खंड पीठ में तीन दिन तक लगातार सुनवाई हुई जिसने पहले दिन वकीलों के हडताल की वजह से डॉ बामनिया ने अपनी पैरवी खुद करते हुए खंडपीठ को बताया कि इनका ट्रांसफर जनहित या प्रशासनिक कारणों न होकर विभिन्न झूठी शिकायतों के मध्य नजर दंडात्मक रूप में उप नियंत्रक के पद पर कर डिमोशन किया जो नए संशोधित कैडर रूल (डी ए सी पी) 2012 में लागू नहीं है तथा सभी शिकायतकर्ता उनके नियंत्रण में काम करते है जो हमेशा राज्यादेश की अवहेलना, राजकार्य रुचि न लेना और सुपरवाइजरी नेग्लिजेंस रखने कारण नोटिसेस के जवाब असंतुष्ट होने पर इनके विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तावित किए गए थे। तीन शिकायतकर्ताओ ने हम सलाह कर डॉ बामनिया के विरुद्ध झूठी शिकायत की थी। यहां तक की शिकायतकर्ता ने केवियट भी लगाई।

## 'शिक्षा व संस्कार ही सभ्य समाज के निर्माण की बुनियाद है'

उदयपुर, (कासं)। ब्राह्मण बड़ा नागदा समाज कल्याण संस्थान की प्रतिनिधि सभा का आयोजन संस्थान के अध्यक्ष डॉ. भगवती प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को शहर के निम्बार्क शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हुआ। कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में एमपीयूएटी के पूर्व कुलपति डॉ. उमाशंकर शर्मा, धर्मनारायण नागदा, साहित्यकार माधव नागदा तथा महामंत्री डॉ. नारायणलाल जोशी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. भगवती प्रकाश शर्मा ने ग्रामों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ा नागदा समाज का इतिहास गौरवशाली है और अत्यन्त प्राचीन होकर राजतंत्र व्यवस्था में भी उपलब्धिमूलक रहा है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधि सभा को संस्थान के उद्देश्यों के प्रति जागरूक रहकर कार्य करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर एमपीयूएटी के पूर्व कुलपति व संस्थान के संरक्षक डॉ. उमाशंकर शर्मा ने संस्थान के उद्देश्यों पर जानकारी दी और कहा कि संस्थान हमेशा युवाओं के सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए हर संभव कोशिश करेगा। वरिष्ठ साहित्यकार माधव नागदा ने प्रतिनिधि सभा के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे सकारात्मक विचारों के साथ कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से संस्थान के उद्देश्यों के अनुरूप आशातीत परिणाम प्राप्त होंगे।

इस दौरान महामंत्री डॉ. नारायण लाल जोशी ने संस्थान की स्थिति पर प्रकाश डाला। संस्थान के संरक्षक व शिक्षाविद् धर्मनारायण नागदा ने संस्थान के द्वारा आगामी समय में संपादित की जाने वाली विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी । कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश नागदा, उपाध्यक्ष लज्जाशंकर नागदा, हिम्मतलाल नागदा आदि ने भी अपने उद्बोधन में सामाजिक विकास पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सीसारमा, बुझड़ा, भाटोली, पायड़ा, पीपलवास, सरसुनिया, बोदियाना, देलवास, लाल मादड़ी, लखावली, बेदला, घणोली, नवानिया, मोरझाई आदि गांवों से आए प्रतिनिधि सभा के प्रतिनिधियों ने भी अपने अनमोल सुझाव प्रस्तुत किए।

संस्थान के गत एक वर्ष का लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष भंवरलाल पाठक ने सभी के समक्ष रखा। इस अवसर पर इंजीनियर हरिकान्त भट्ट ने विभिन्न ग्रामों से आए जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।

## 'दीनी व दुनिया दोनों तालीम वक्त की जरूरत'

उदयपुर, (कासं)। शिक्षा और तरक्की की राहों पर सिंधी मुस्लिम समाज का प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह को अलीपुरा स्थित रजा गार्डन में आयोजित हुआ।

सहायक मीडिया प्रभारी अब्दुल अजीज सिंधी ने बताया कि कार्यक्रम में सिन्धी मुस्लिम समाज के 80 से अधिक विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक उपलब्धियां एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रिडमल खान मेहर, मुस्लिम एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी जनरल सेकेट्री ने कहा कि तालीम के साथ तरबीयत की जरूरत है। दीनी व दुनिया दोनों तालीम वक्त की जरूरत है। उन्होंने कहा कि माता, पिता को अपने बच्चों के साथ दोस्ताना रवैया अपनाना पडेगा तथा अपने बच्चों को मोबाइल जैसी बिमारी से दूर रखना पडेगा। बच्चों से बच्चियां शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ रही। कमेटी के हाजी हबीब खान सिन्धी ने बताया कि इस अवसर पर सिंधी मुस्लिम समाज द्वारा बच्चों,बच्चियों व युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट अली मोहम्मद सिंधी,मुख्य अतिथि एडवोकेट रिडमल खान सिंधी सेक्रेटरी मारवाड मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी, हाजी मोहम्मद सलीम सोडा,सदस्य मदरसा बोर्ड कमेटी,हाजी सलीम सिंधी,बीकानेर राजस्थान सिंधी मुस्लिम महासभा अध्यक्ष, एडवोकेट मेहरद्दीन सिंधी समारोह में भाग लिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत खेगरों की भागल, पंचायत समिति गिर्वा, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः/निविदा/2025-26/148 दिनांक-28/8/2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत खेगरो की भागल में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 08.09.2025 सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका UBN N0 . ZUD2526GLRCO1855 है।

प्रशासक ग्राम पंचायत खेगरो की भागल, प.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत खेगरो की भागल, प.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर